# बिहार सरकार
## खान एवं भूतत्व विभाग

### ।। आदेश ।।

अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग के वाट्सअप पर प्राप्त सूचना के आलोक में आदेश ज्ञापांक–2675, दिनांक–15.05.2025 से मुंगेर जिलान्तर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध समुचित एवं सघन जाँच हेतु विशेष कार्य पदाधिकारी, खान एवं भूतत्व विभाग को निदेशित किया गया। जाँच पदाधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षणोपरान्त अवैध खनन एवं परिवहन के संदर्भ में जाँच कर जाँच प्रतिवेदन समर्पित किया गया, जिसमें प्रतिवेदित किया गया है कि मुंगेर जिलान्तर्गत प्रखण्ड–जमालपुर, पंचायत–इटहरी, वार्ड नं0–18, एन0एच0 के पूरब में हो रहे अवैध खनन में खनिज विकास पदाधिकारी की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

जाँच पदाधिकारी के जाँच प्रतिवेदन के आलोक में श्री कुमार गौरव, तत्कालीन प्रभारी खनिज विकास पदाधिकारी, मुंगेर के विरूद्ध आरोप पत्र गठित कर उनसे पत्रांक–4053, दिनांक–25.07.2025 से लिखित अभिकथन की मांग की गयी। विभागीय पत्र के आलोक में श्री कुमार गौरव द्वारा पत्रांक–1976, दिनांक–11.08.2025 से लिखित अभिकथन समर्पित किया गया। जाँच प्रतिवेदन के आलोक में विभागीय पत्रांक–2970, दिनांक–29.05.2025 से समाहर्त्ता, मुंगेर से प्रतिवेदन की मांग की गयी। समाहर्त्ता, मुंगेर द्वारा पत्रांक–1280, दिनांक–03.06.2025 से प्रतिवेदित किया गया कि पूरे मामले में खनिज विकास पदाधिकारी की किसी भी प्रकार की संलिप्तता परीलक्षित नहीं होती है।

समाहर्त्ता, मुंगेर से प्राप्त प्रतिवेदन एवं श्री कुमार गौरव, खनिज विकास पदाधिकारी द्वारा समर्पित लिखित अभिकथन की समीक्षा सक्षम प्राधिकार द्वारा की गयी। समीक्षोपरान्त सक्षम प्राधिकार द्वारा आरोप से मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

अतः सक्षम प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री कुमार गौरव, तत्कालीन प्रभारी खनिज विकास पदाधिकारी, मुंगेर सम्प्रति खनिज विकास पदाधिकारी, भोजपुर के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप से मुक्त किया जाता है। साथ ही खनिज विकास पदाधिकारी, जिला खनन कार्यालय, मुंगेर को जिलान्तर्गत प्रखण्ड–जमालपुर, पंचायत–इटहरी, वार्ड नं0–18, एन0एच0 के पूरब स्थल पर सतत निगरानी रखने का निदेश दिया जाता है।

ह0/–
(पीयूष कुमार सिंह)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांकः– प्र0–II रा0(आ0)–11/2025–................../एम०, पटना, दिनांक–.................

प्रतिलिपिः– समाहर्त्ता, मुंगेर/उप निदेशक, मुंगेर अंचल, मुंगेर/खनिज विकास पदाधिकारी, जिला खनन कार्यालय, मुंगेर/ श्री कुमार गौरव, तत्कालीन प्रभारी खनिज विकास पदाधिकारी, मुंगेर सम्प्रति खनिज विकास पदाधिकारी, जिला खनन कार्यालय, भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के अवर सचिव

P.T.O.

ज्ञापांकः– प्र0–II रा0(आ0)–11/2025–5573/एम०, पटना, दिनांक–06/10/25

प्रतिलिपिः– माननीय उप मुख्य (खान एवं भूतत्व) मंत्री के आप्त सचिव/ सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक कोषांग/राजपत्रित स्थापना शाखा/आई0टी0 मैनेजर को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के अवर सचिव